## प्रेस नोट थाना मंडी धनौरा

दिनांक 24.09.2021

# श्रीमती पूनम पुलिस अधीक्षक अमरोहा के निर्देशन में शातिर अपराधियों के विरुद्ध कार्यावाही जारी ।

## थाना मंडी धनौरा पुलिस द्वारा शातिर ATM चोर/जालसाज अभियुक्त गिरफ्तार, अवैध शस्त्र, ATM कार्ड व सैन्ट्रो कार बरामद ।

पुलिस अधीक्षक अमरोहा श्रीमती पूनम के कुशल निर्देशन व मार्गदर्शन में अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना मंडी धनौरा पुलिस द्वारा सूचना पर आज दिनांक 24.09.2021 की प्रात: समय करीब 07.50 बजे चुचैला कलां नहर पुल से चैकिंग के दौरान अभियुक्त बदर पुत्र कमर इस्लाम निवासी मौ0 अजीजाबाद कस्बा व थाना औरंगाबाद जनपद बुलन्दशहर को गिरफ्तार किया गया जिसके 02 अन्य साथी मौके से फरार हो गये । गिरफ्तार अभियुक्त बदर के कब्जे से एक अवैध तमंचा व 01 जिंदा कारतूस 315 बोर, एक ATM कार्ड सिंडिकेट बैंक व सैन्ट्रों कार रजि0न0 DL2C AD 9865 बरामद हुई । बरामद सैन्ट्रो कार के कागज न होने के कारण धारा 207 MV Act के तहत सीज किया गया । गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना मंडी धनौरा पर मु0अ0सं0 400/21 धारा 3/25 आयुद्ध अधि0 बनाम बदर उपरोक्त पंजीकृत किया गया ।

गिरफ्तार अभियुक्त बदर द्वारा अपने साथियों के साथ मिलकर सिंडीकेट बैंक ATM कार्ड की चोरी करने के सम्बन्ध में वादी सन्तराम पुत्र रमेश निवासी कस्बा व थाना मंडी धनौरा की तहरीर पर दिनांक 23.09.2021 को थाना मंडी धनौरा पर (मु0अ0सं0 397/21 धारा 379 भादवि) पंजीकृत किया गया तथा दिनांक 23.09.2021 को SBI ATM कस्बा बछरायूं से एक ATM चोरी करने सम्बन्धित मु0अ0स0 241/21 धारा 379 भादवि व दिनांक 23.09.2021 को HDFC ATM कस्बा गजरौला से एक ATM चोरी करने(सम्बन्धित मु0अ0सं0 583/21 धारा 379 भादवि) की घटना का इकबाल किया है ।



**गिरफ्तार अभियुक्त:-**

1. बदर पुत्र कमर इस्लाम निवासी मौ0 अजीजाबाद कस्बा व थाना औरंगाबाद जनपद बुलन्दशहर।

**बरामदगी:-**

1. एक अवैध तमंचा व 01 जिंदा कारतूस 315 बोर।
2. एक ATM कार्ड सिंडिकेट बैंक व घटना में प्रयुक्त सैन्ट्रों कार रजि0न0 DL2C AD 9865।

**अपराधिक इतिहास अभियुक्त बदर:-**

1. मु0अ0सं0 397/21 धारा 379 भादवि थाना मंडी धनौरा जनपद अमरोहा।
2. मु0अ0सं0 400/21 धारा 3/25 आयुद्ध अधि0 थाना मंडी धनौरा जनपद अमरोहा।
3. मु0अ0सं0 241/21 धारा 379 भादवि थाना बछरायूं जनपद अमरोहा।
4. मु0अ0सं0 583/21 धारा 379 भादवि थाना गजरौला जनपद अमरोहा।

**फरार अभियुक्त:-**

1. आरिफ पुत्र कलुवा निवासी ग्राम चिठा थाना सलीमपुर जनपद बुलन्दशहर।
2. समीर पुत्र असगर निवासी ग्राम चिठा थाना सलीमपुर जनपद बुलन्दशहर।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम:-**

1. प्रभारी निरीक्षक राज कुमार सरोज थाना मंडी धनौरा जनपद अमरोहा।
2. उ0नि0 रमेशचन्द्र थाना मंडी धनौरा जनपद अमरोहा।
3. का0 1263 मोनू प्रताप थाना मंडी धनौरा जनपद अमरोहा।
4. का0 544 दीपक थाना मंडी धनौरा जनपद अमरोहा।

उत्तर प्रदेश पुलिस